# भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 001
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001


फा0सं0 8(1)/2016–हिन्दी                                                       दिनांक :     दिसम्बर, 2016

**विषय : परिषद द्वारा प्रकाशित गृह पत्रिका राजभाषा आलोक–2016 के प्रकाशन के संबंध में।**

परिषद मुख्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष मुख्यालय तथा संस्थानों में आयोजित राजभाषा संबंधी गतिविधियों को **"राजभाषा आलोक–2016"** के माध्यम से समेकित रूप में प्रकाशित किया जाता है। इस पत्रिका में परिषद के अधीनस्थ संस्थानों में आयोजित की गई राजभाषा गतिविधियों के अलावा राजभाषा से संबंधित लेख तथा कविता आदि को प्रकाशित किया जाता है।

इसी तारतम्य में आगामी अंक (2016) के लिए सामग्री भेजे जाने का अनुरोध किया जाता है। कृपया संबंधित सामग्री निम्न मदों के अनुसार भेजी जाए।

1. आपके संस्थान/निदेशालय/ब्यूरो/केंद्र में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा/ हिन्दी सप्ताह/हिन्दी दिवस की जानकारी (एक पृष्ठ में एक चित्र के साथ)
2. आपके संस्थान/निदेशालय/ब्यूरो/केंद्र में आयोजित हिन्दी कार्यशाला/संगोष्ठी/सेमिनार/सम्मेलन की जानकारी (एक पृष्ठ में एक चित्र के साथ)
3. वर्ष 1 जनवरी, 2016 से 31 दिसम्बर, 2016 तक की राजभाषा संबंधी प्रमुख उपलब्धियां
4. वर्ष के दौरान निकाले गए हिन्दी प्रकाशनों की सूची
5. राजभाषा/वैज्ञानिक/तकनीकी संबंधी आलेख (चुनिंदा आलेखों को ही पुस्तिका में स्थान दिया जा सकेगा)।
6. राजभाषा आलोक के प्रकाशन हेतु सामग्री केवल परिषद मुख्यालय के ई–मेल **hindianubhag@yahoo.in** के माध्यम से भेजी जाए

यह भी अनुरोध है कि भेजी गयी जानकारी संक्षिप्त एवं सारगर्भित हो तथा परिषद के प्रत्येक संस्थान/केन्द्र/निदेशक/ब्यूरो द्वारा अनिवार्य रूप से भेजी जाए। यदि आपके द्वारा इस पुस्तिका हेतु सामग्री नहीं भेजी जाती है तो इससे यह संदेश आता है कि आपके संस्थान में राजभाषा गतिविधियों को प्रोत्साहित नहीं किया जा रहा है।

कृपया उक्त जानकारी **31 जनवरी, 2016** तक ई–मेल **hindianubhag@yahoo.in** पर भेज कर वार्षिकांक के प्रकाशन में सहयोग प्रदान करें।

**भवदीया,**

सीमा चोपड़ा 9.12.1

**(सीमा चोपड़ा)**
**निदेशक (राजभाषा)**

वितरण

1. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सभी संस्थानों/केन्द्रों/ब्यूरो/निदेशालयों/क्षेत्रीय केन्द्रों के निदेशक/प्रमुख।
2. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सभी अनुभाग/अधिकारी जिसमें कृषि अनुसंधान भवन – I एवं II भी शामिल हैं।
3. गार्ड फाइल।